# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। आज मुम्बई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की पहली बैठक में सर्व–सम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई दर 2025–26 में चार प्रतिशत रहने की संभावना है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि 2025–26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव पांच प्रतिशत किया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आज वर्ष 2025–26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उपयोजना के रूप में कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट के माध्यम से कहा है कि यह निर्णय करोड़ों अन्नदाता किसानों को लाभान्वित करेगा। किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि उत्पादकता को भी बढ़ावा मिलेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में विश्व नमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगनाइजेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि साधना, आत्मशुद्धि और लोक कल्याण की भावना से जुड़कर व्यक्ति न केवल स्वयं का कल्याण करता है, बल्कि समाज और दुनिया के लिए भी प्रेरणा बनता है। उन्होंने कहा कि सभी 24 तीर्थंकरों का जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा है।

**उत्तर प्रदेश जैन तीर्थंकरों की महत्वपूर्ण भूमि रही है। भगवान ऋषभदेव अयोध्या के पहले राजा थे। भगवान ऋषभदेव की ही परंपरा में भगवान मनु पैदा हुए थे जिन्होंने मानव धर्म की रचना करके पूरे सृष्टि के अंदर इस परंपरा को आगे बढ़ाया था। उसी परंपरा में भगवान राम का जन्म हुआ था, यानी दुनिया के प्राचीनतम धर्म में से एक लोगों के पास तो गिनने के लिए तो हमारे पास तो हम तो गिनती में नहीं गिनते।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यवहारिक जीवन में नमोकार महामंत्र को उतारने के लिए नौ संकल्प बताए हैं, जिन्हें हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं और जैन धर्म की अहिंसा और परोपकार की शिक्षाओं को जन–जन तक पहुंचाने की अपील की।

**********

हिंसा की पीड़ित महिलाओं की सहायता एवं समग्र समर्थन के लिए प्रदेश सरकार 'वन स्टॉप सेंटर' योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में 17 नई इकाइयों को स्थापित करने जा रही है। वन स्टॉप सेंटर योजना की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2015–16 में केंद्र सरकार की शत–प्रतिशत वित्त पोषण के तहत हुई थी। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना को गति मिली। इस योजना के तहत हिंसा की शिकार महिलाओं को अल्पकालिक प्रवास, चिकित्सा सहायता, परामर्श, विधिक सहायता, और पुलिस सहायता जैसी सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री 11 अप्रैल की सुबह वाराणसी आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री के द्वारा तीन हजार आठ सौ चौरासी करोड़ की परियोजनाओं की सौगात काशी वासियों को दी जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां आखिरी चरण में हैं।

**********

प्रयागराज में नैनी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन के पास आज डम्पर से कुचलकर पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और डंम्पर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**********

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। चंडीगढ़ में कल रात खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 18 रन से हराया। एक अन्य मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से हराया।

**********

मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, आंबेडकरनगर एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना जताई है। उधर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और आसपास के क्षेत्र में लू चलने की बात कही है।

**********